# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ0ग0) 490023
फोन नं. –0788–2350125 ई–मेल : bhilai-Nagra-Nigam@cg.gov.in


क्र./एफ- / सा.प्र.वि./शि.जा./25/1574 भिलाई, दिनांक 25.11.25

## //आदेश//

श्री खिलेन्द्र कुमार साहू, चेनमेन के अनुपस्थिति दिनांक 28.02.2023 से 10.03.2023 तक बिना पूर्व सूचना के कार्य पर अनुपस्थित रहने के कारण कार्यालयीन पत्र क्रं. एफ–808/1/सा.प्र.वि./23/140 भिलाई दिनांक 25.04.2025 को आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच संस्थित की गई है। विभागीय जांच कार्यवाही में जांच पूर्ण कर विभागीय जांच अधिकारी द्वारा दिनांक 30.06.2025 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन पर अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होने एवं दण्ड के प्रश्न पर पक्ष रखने अवसर प्रदान किये जाने हेतु कार्यालयीन पत्र क्रं. 599 भिलाई दिनांक 15.07.2025 के संदर्भ में **श्री खिलेन्द्र कुमार साहू, चेनमेन** उपस्थित हुए एवं अपने पक्ष में लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया है तथा अनुपस्थिति दिवस क्रमशः दिनांक 28.02.2023 से 10.03.2023 (11 दिन) तक, दिनांक 28.10.2024 से 30.12.2024 (28 दिन) तक, दिनांक 21.01.2025 से 10.03.2025 (49 दिन) तक, दिनांक 21.05.2025 से 25.05.2025 (05 दिन) तक बिना पूर्व सूचना के कार्य पर अनुपस्थित होने का आदी होना पाया गया है।

अतः विभागीय जांच में अपचारी कर्मचारी अनाधिकृत रूप से कर्त्तव्य पर अनुपस्थित होने के आदी होने से तथा विभागीय जांच में सभी आरोप प्रमाणित होने के कारण लघु शास्ति अधिरोपित करते हुए **श्री खिलेन्द्र कुमार साहू, चेनमेन** का आगामी दो (02) वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोका जाता है तथा अनुपस्थिति अवधि को समस्त प्रयोजन हेतु कर्त्तव्य अवधि नही मानते हुए उक्त 129 दिनों का (Dies-Non) मान्य किया जाता है तथा संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ- /सा.प्र.वि./शि.जा./25/1575 भिलाई, दिनांक 25.11.25

प्रतिलिपि :-

1. महापौर/अध्यक्ष महोदय, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त जोन क्रं. 05, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सहायक अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
9. श्री खिलेन्द्र कुमार साहू, चेनमेन नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई